Fax : (05452) 252244, 252344
Web : www.vbspu.ac.in

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक पू0वि0वि / सम्बद्धता / 2026 / 9252 दिनांक : 23.10.2026

अति आवश्यक

कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय कार्यालय आदेश संख्या-पू0वि0वि0 / कु0स0 / 2026 / 8882 दिनांक 11.09.2026, आदेश संख्या-पू0वि0वि0 / सम्बद्धता / 2026 / 8740 दिनांक 19.08.2026 एवं पत्र संख्या-पू0वि0वि0 / सम्ब0 / 2026 / 8571 दिनांक 07.08.2026 द्वारा सम्बद्ध ऐसे समस्त महाविद्यालय जिसमें मानकानुसार आचार्य / प्रवक्ताओं का चयन कराकर विश्वविद्यालय से अद्यतन अनुमोदन प्राप्त कर प्रत्येक दशा में दिनांक 20.09.2026 तक पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु कतिपय महाविद्यालय द्वारा आचार्य / प्रवक्ताओं के अनुमोदन की कार्यवाही नहीं की गयी है जो अत्यन्त ही आपत्तिजनक है। ऐसे महाविद्यालयों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि मानकानुसार प्रबन्ध समिति, आचार्य / प्रवक्ताओं के चयन / अनुमोदन की कार्यवाही प्रत्येक दशा में दिनांक 31.10.2026 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की स्नातक / स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर (स्नातक–प्रथम, तृतीय, पंचम तथा स्नातकोत्तर–सप्तम एवं नवम सेमेस्टर) सत्र–2026–2027 की परीक्षायें नवम्बर माह के द्वितीय सप्ताह से प्रस्तावित हैं। उक्त परीक्षा को पारदर्शी / सकुशल / शांतिपूर्ण ढंग से संचालन करने हेतु महाविद्यालय में स्थापित सी0सी0टी0वी0 कैमरों को विश्वविद्यालय के सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रूम से लिंक करने हेतु सी0सी0टी0वी0 डिवाइस **विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित साफ्टवेयर DAHUA/CP+/True View** पर ही सी0सी0टी0वी0 डिवाइस का विवरण मेल आईडी vbspucctv@gmail.com, व्हाट्सएप नं0 9453932365 एवं गूगलफॉर्म के लिंक https://docs.google.com/forms/u/2/d/12JH33acScHR9LrY-VRnpUhU3ljPOSKCc0_FwdRb0sls/edit पर दिनांक 31 / 10 / 2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे समस्त नोडल केंद्रों एवं परीक्षा केंद्रों का सी0सी0टी0वी0 ऑडियो / विडियो, सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रूम से निगरानी की जा सके।

कुलसचिव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त प्रबन्धक / प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
2. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
3. वेबमास्टर, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें

कुलसचिव